कार्यालय प्राचार्य

शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल म.प्र.

Website : https://govhamidiacollege.com/ Ph.-Fax No. 0755-2660447,2660081 Email – heghaaccbho@mp.gov.in

क्रमांक / .... / शा.ह.म. / 2022

भोपाल, दिनांक ....

प्रिय प्राध्यापक साथियों और स्नेहिल छात्रों

आप सभी को नवीन वर्ष 2023 की हार्दिक शुभकामनाएं।

जीवन में हमारी खुशी की वजह हमें स्वयं ही खोजना पड़ती है। आप उज्जवल भविष्य का सपना संजोयें महाविद्यालय में प्रवेश लेते है और सपना पूरा होना निश्चित रूप से जीवन में प्रसन्नता एवं उमंग पैदा करता है, लेकिन किसी भी सुनहरे सपने को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत, लगन, दृढ़ निश्चय तथा सही रणनीति की आवश्यकता होती है। कोई भी लक्ष्य बिना संघर्ष और मेहनत के प्राप्त नही किया जा सकता। लक्ष्य प्राप्ति के लिए महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों और समय का सही संतुलन बनाना होता है। जीवन का उद्‌देश्य केवल लक्ष्य को हासिल करना ना होकर प्रसन्नता के साथ अपने कार्य को करना और खुशी से जीवन जीते हुए सफलता प्राप्त करना होना चाहिए। अपने लक्ष्य को पूर्ण करने में आपके प्राध्यापक गण एवं प्राचार्य सदैव अग्रिम पंक्ति में खड़े रहकर आपका मार्गदर्शन करने में सहायक बनेगें। इन्हीं आशाओं एवं शुभकामनाओं के साथ आपकी अपनी प्राचार्य

17.12.22

डॉ. पुष्पलता चौकसे

प्राचार्य